ल्ट-2018 IInd

पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।
Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.

# ICL-11

परीक्षा का वर्ष : 2018
प्रश्न-पुस्तिका

315222
Serial No.

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**B**

## अर्थशास्त्र

## ECONOMICS

समय : 2.00 घंटे
पूर्णांक : 200

Time : 2.00 Hours
Maximum Marks : 200

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें ।
2. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।
3. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
4. **अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक में अपने अनुक्रमांक, विषय कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज की कोडिंग सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।**
5. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का उपयोग करें । अलग से वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी ।**
6. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न (आइटम्स) हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे (a), (b), (c), (d) के रूप में दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (आन्सर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
7. सभी प्रश्नों (आइटमों) का उत्तर दिया जाना है और प्रत्येक प्रश्न (आइटम) के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए गलत उत्तर के लिए या उम्मीदवार द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए दिए जाने वाले अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. प्रश्नों के उत्तर आपको अलग से दिये गये उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य न होगा ।
10. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । जो सूचनायें उसमें वांछित हों उन्हें अभी भर लें ।
11. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अन्तरीक्षक को उत्तर-पत्रक वापस लौटा दें ।
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक इन्तजार करें जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
13. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अंकित सीरीज कोड के आधार पर ही किया जायेगा ।
14. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C & D) का मिलान अवश्य कर लें । यदि उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड भिन्न-भिन्न हों, तो उसे तुरन्त अन्तरीक्षक (Invigilator) से परिवर्तित कराकर समान सीरीज कोड का उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

**महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

1. If a product is a 'Veblen good' then :
   (a) demand is inversely related to income
   (b) demand is directly related to price
   (c) demand is inversely related to the price of substitutes
   (d) None of the above

2. Income effect of inferior goods is :
   (a) Negative (b) Positive (c) Infinity (d) Zero

3. 'If other things remain unchanged' increase in price, leads to :
   (a) shift demand outwards (b) shift demand inward
   (c) contraction of demand (d) extension of demand

4. At the point of satisfaction level, the tendency of marginal utility to be :
   (a) Positive (b) Negative (c) Zero (d) None of the above

5. In case of unitary elastic at all points, the demand curve is :
   (a) Horizontal (b) Vertical
   (c) Rectangular hyperbola (d) None of the above

6. Demand curve slope is downward according to the law of :
   (a) consumer equilibrium (b) diminishing marginal utility
   (c) utility minimisation (d) utility maximisation

7. Consumer is in equilibrium when marginal utilities are :
   (a) Increasing (b) Highest (c) Equal (d) Minimum

8. Scarcity is a condition that exists when
   (a) there is a fixed demand of goods
   (b) there is a large demand for a product
   (c) resources are not able to meet the entire demand for a product
   (d) All of the above

9. If the price of a good increases, then income effect :
   (a) reinforces the substitution effect, if the goods is normal
   (b) offsets the substitution effect if the good is inferior
   (c) Both (a) and (b)
   (d) None of the above

1. यदि एक उत्पाद वेबलन वस्तु है तब
   (a) माँग आय से विपरीत रूप से सम्बन्धित है ।
   (b) माँग कीमत से सीधे रूप से सम्बन्धित है ।
   (c) माँग स्थानापन्न की कीमतों से विपरीत रूप से सम्बन्धित है ।
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. निकृष्ट वस्तुओं का आय प्रभाव होता है
   (a) ऋणात्मक (b) धनात्मक (c) अनन्त (d) शून्य

3. अन्य बातें समान रहने पर, कीमत में वृद्धि उत्पन्न करती है
   (a) माँग को बाहर की ओर खिसकाना (b) माँग को अन्दर की ओर खिसकाना
   (c) माँग का संकुचन (d) माँग का विस्तार

4. सन्तुष्टि के स्तर बिन्दु पर, सीमान्त उपयोगिता की प्रवृत्ति होती है
   (a) धनात्मक (b) ऋणात्मक (c) शून्य (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. सभी बिन्दु पर इकाई लोच की दशा में, माँग वक्र होता है
   (a) क्षैतिज (b) लम्बवत्
   (c) आयताकार हाइपरबोला (d) उपरोक्त कोई भी नहीं

6. निम्न में किस नियम के कारण माँग वक्र नीचे की ओर ढाल वाला होता है ?
   (a) उपभोक्ता सन्तुलन (b) सीमान्त उपयोगिता ह्रास
   (c) उपयोगिता निम्नतमीकरण (d) उपयोगिता अधिकतमीकरण

7. उपभोक्ता सन्तुलन में होता है जब सीमान्त उपयोगिता होती है
   (a) वृद्धिमान (b) उच्चतम (c) समान (d) न्यूनतम

8. दुर्लभता एक दशा है जो विद्यमान होती है जब
   (a) वस्तुओं की माँग स्थिर रहती है ।
   (b) उत्पाद के लिये अधिक माँग होती है ।
   (c) एक उत्पाद की सम्पूर्ण माँग को पूरा करने हेतु संसाधन पर्याप्त मात्रा में नहीं होते हैं ।
   (d) सभी उपर्युक्त

9. यदि एक वस्तु की कीमत बढ़ती है तब आय प्रभाव
   (a) प्रतिस्थापन प्रभाव को मजबूत करता है यदि वस्तु सामान्य है ।
   (b) प्रतिस्थापन प्रभाव को निष्प्रभावी करता है यदि वस्तु निकृष्ट है ।
   (c) (a) एवं (b) दोनों
   (d) उपरोक्त कोई नहीं

10. In a circular flow model, the real variable are :
   (a) only the resources that one used
   (b) money that flows from the factor market to the house holds
   (c) only the goods and services that are produced
   (d) both the goods and services produced and the resources that are used

11. If the demand for a good is inelastic, an increase in its price will cause the total expenditure of the consumers of that good will be :
   (a) increase (b) decrease (c) remain same (d) become zero

12. Every point on an 'Indifference curve' reveals :
   (a) less satisfaction (b) more satisfaction
   (c) equal satisfaction (d) unequal satisfaction

13. Who is the author of the book 'Traite D Economique Politique' ?
   (a) Keynes (b) Pigou (c) Ricardo (d) None of the above

14. Which of the following is not an assumption of Keynesian theory of income and employment ?
   (a) Keynesian theory is short term theory
   (b) Keynesian theory is related to close economy
   (c) Keynesian theory is based on imperfect competition
   (d) Presence of involuntary unemployment in economy

15. 'Purchasing Power Parity' theory was propounded by
   (a) Gustav Cassel (b) Keynes (c) Hicks (d) Samuelson

16. Which of the following is/are the objective/s of the fiscal policy in developed economy ?
   (a) Enhancement in investment level (b) Achievement of full employment
   (c) Achievement of economic stability (d) All above

17. Which one of the following is not a tool of fiscal policy ?
   (a) Taxation (b) Public expenditure
   (c) Public debt (d) Rate of interest

18. What is / are the cause/s of disequilibrium in balance of payments ?
   (a) Cyclical fluctuations (b) Income effect and price effect
   (c) Trade deficit (d) All the above

19. Which one of the following is correct about Marginal Propensity to Consume (MPC) ?
   (a) MPC is always equal to zero
   (b) MPC is always equal to 2
   (c) MPC is greater than zero but less than one
   (d) MPC is less than zero but greater than one

10. एक चक्रीय मॉडल में, वास्तविक चर है

(a) केवल संसाधन जो प्रयुक्त होते हैं ।

(b) मुद्रा जो साधन बाजार से घरेलू क्षेत्र की ओर प्रवाहित होती है ।

(c) केवल वस्तु एवं सेवाएँ जो उत्पादित की जाती हैं ।

(d) उत्पादित वस्तुएँ एवं सेवाएँ दोनों तथा संसाधन जो प्रयुक्त होते हैं ।

11. यदि एक वस्तु की माँग बेलोच है, इसकी कीमत में वृद्धि से इस वस्तु के उपभोक्ताओं के कुल व्यय पर असर होगा

(a) वृद्धि होगी । (b) कमी होगी । (c) समान बना रहेगा । (d) शून्य हो जायेगी ।

12. किसी उदासीनता वक्र के प्रत्येक बिन्दु पर व्यक्त किया जाता है

(a) कम सन्तुष्टि (b) अधिक सन्तुष्टि (c) समान सन्तुष्टि (d) असमान सन्तुष्टि

13. "ट्रेट डी इकॉनोमिक पोलिटिक" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) कीन्स (b) पीगू (c) रिकार्डो (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

14. निम्नलिखित में से कौन कीन्स के आय एवं रोजगार सिद्धान्त की मान्यता नहीं है ?

(a) कीन्स का सिद्धान्त अल्पकालीन सिद्धान्त है ।

(b) कीन्स का सिद्धान्त बन्द अर्थव्यवस्था से सम्बन्धित है

(c) कीन्स का सिद्धान्त अपूर्ण प्रतियोगिता पर आधारित हैं ।

(d) अर्थव्यवस्था में अनैच्छिक बेरोजगारी उपस्थित रहती है ।

15. 'क्रयशक्ति समता सिद्धान्त' का प्रतिपादन किया

(a) गुस्टाव कैसल (b) कीन्स (c) हिक्स (d) सैमुअलसन

16. निम्नलिखित में से कौन सी विकसित अर्थव्यवस्था में राजकोषीय नीति का/के उद्देश्य है/हैं ?

(a) विनियोग के स्तर में वृद्धि करना (b) पूर्ण रोजगार की प्राप्ति

(c) आर्थिक स्थिरता प्राप्त करना (d) उपर्युक्त सभी

17. निम्नलिखित में से कौन सा एक राजकोषीय नीति का उपकरण नहीं है ?

(a) करारोपण (b) सार्वजनिक व्यय (c) सार्वजनिक ऋण (d) ब्याज की दर

18. भुगतान सन्तुलन में असन्तुलन का / के कारण है/हैं ?

(a) चक्रीय उच्चावचन (b) आय प्रभाव एवं कीमत प्रभाव

(c) व्यापार घाटा (d) उपरोक्त सभी

19. निम्नांकित में से उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति (MPC) के बारे में कौन सा एक सही है ?

(a) MPC सदैव शून्य के बराबर होती है ।

(b) MPC सदैव 2 के बराबर होती है ।

(c) MPC शून्य से अधिक लेकिन एक से कम होती है ।

(d) MPC शून्य से कम लेकिन एक से अधिक होती है ।

20. Which of the following is not included in income method of GNP ?
(a) Gross domestic private investment (b) Wages, salary, rent, interest & dividend
(c) Taxes (d) Depreciation

21. Which one of the following is not an assumption of Say's law of market ?
(a) Perfect competition (b) Open economy
(c) Long period (d) No - hoarding

22. "The balance of payments of a country is a systematic record of all economic transactions completed between its residents and residents of the world during a given period of time usually a year." This statement is given by :
(a) Krause (b) James Ingram (c) Benham (d) Haberler

23. "Floating or flexible exchange rates are forced flexibly up or down by supply and demand for goods or capital movements." This statement is given by
(a) Samuelson (b) Ellsworth
(c) G.D.H. Cole (d) None of the above

24. "The rate of exchange between two countries must stand essentially on the quotient of the internal purchasing power of these currencies." The statement is given by :
(a) Keynes (b) Gustav Cassel (c) G.D.H. Cole (d) S.E. Thomas

25. Which one of the following economist developed first the National Income Accounting Method ?
(a) Sir William Petty (b) Prof. Keynes
(c) Simon Kuznets (d) Frank John

26. When the national income is expressed in terms of current price, it is called :
(a) Real income (b) Notional income
(c) Permanent income (d) None of the above

27. Which one of the following is not included in the estimation of GNP ?
(a) Corporate income tax (b) Transfer of payment
(c) Undistributed profit (d) Social security contribution

28. Which of the following is not added in the expenditure method of GNP ?
(a) Private consumption expenditure
(b) Gross domestic private investment
(c) Indirect tax
(d) Government expenditure on goods and services

29. NDP at factor cost is :
(a) $NDP_{MP} = NNP_{MP}$ – Net factor income from abroad
(b) NDP = NI – Net factor income from abroad
(c) $NNP_{FC} = NNP_{MP}$ – Indirect Taxes + Subsidies
(d) None of the above

**20.** सकल राष्ट्रीय उत्पाद की आय विधि में किसको सम्मिलित नहीं किया जाता है ?

(a) सकल घरेलू निजी विनियोग
(b) मजदूरी, वेतन, लगान, ब्याज और लाभांश
(c) कर
(d) घिसावट

**21.** निम्नलिखित में से कौन सा एक 'से' के बाजार नियम की मान्यता नहीं है ?

(a) पूर्ण–प्रतियोगिता (b) खुली अर्थव्यवस्था (c) दीर्घ काल (d) संग्रह का अभाव

**22.** "किसी देश का भुगतान सन्तुलन उसके निवासियों एवं शेष विश्व के निवासियों के बीच दी हुई अवधि में (साधारण रूप में एक वर्ष) पूर्ण किये गये समस्त आर्थिक लेन–देन का एक व्यवस्थित विवरण अथवा लेखा है ।" वह कथन किसने दिया ?

(a) क्रॉस (b) जेम्स इंग्राम (c) बेन्हम (d) हैबरलर

**23.** "लोचदार विनिमय दरों को वस्तुओं की माँग तथा पूर्ति अथवा पूँजी के प्रवाह के द्वारा लोचपूर्ण तरीके से ऊपर अथवा नीचे रखा जाता है ।" यह कथन किसने दिया है ?

(a) सैमुअलसन
(b) एल्सवर्थ
(c) जी.डी.एच. कोल
(d) उपरोक्त में से किसी ने नहीं

**24.** "दो मुद्राओं की विनिमय दर आवश्यक रूप से इन मुद्राओं की आन्तरिक क्रय शक्ति के भागफल पर निर्भर करती है ।" यह कथन किसने दिया है ?

(a) कीन्स (b) गुस्टाव कैसल (c) जी.डी.एच. कोल (d) एस.ई. थॉमस

**25.** निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय लेखा की अवधारणा को विकसित किया ?

(a) सर विलियम पैटी (b) प्रो. कीन्स (c) साइमन कुजनेटस् (d) फ्रेंक जॉन

**26.** जब राष्ट्रीय आय चालू कीमत पर व्यक्त की जाती है, इसे कहते हैं

(a) वास्तविक आय
(b) काल्पनिक आय / द्रव्यिक आय
(c) स्थाई आय
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** निम्नलिखित में से कौन सा एक सकल राष्ट्रीय उत्पाद के आंकलन में सम्मिलित नहीं किया जाता है ?

(a) निगम आयकर
(b) हस्तान्तरण भुगतान
(c) अवितरित लाभ
(d) सामाजिक सुरक्षा अंशदान

**28.** सकल राष्ट्रीय उत्पाद की व्यय विधि में निम्न में से किसको नहीं जोड़ा जाता है ?

(a) निजी उपभोग व्यय
(b) सकल घरेलू निजी निवेश
(c) अप्रत्यक्ष कर
(d) वस्तुओं एवं सेवाओं पर सरकारी व्यय

**29.** साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद है

(a) $NDP_{MP} = NNP_{MP}$ – विदेशी शुद्ध साधन आय
(b) NDP = राष्ट्रीय आय – विदेशों से शुद्ध साधन आय
(c) $NNP_{FC}$ = बाजार कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद–अप्रत्यक्ष कर + अनुदान
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**30.** How is GDP assessed at factor cost ?

(a) $GDP_{(FC)} = GDP_{(MP)}$ + Indirect Taxes + Subsidies

(b) $GDP_{(FC)} = GDP_{(MP)}$ – Indirect Taxes + Subsidies

(c) $GDP_{(FC)} = GDP_{(MP)}$ – Indirect Taxes – Subsidies

(d) $GDP_{(FC)} = GDP_{(MP)}$ + Indirect Taxes – Subsidies

**31.** Formula to calculate GDP at market price :

(a) $GDP_{MP}$ = GDP – Depreciation

(b) $GDP_{MP}$ = Market price of commodities + Net income from abroad

(c) $GDP_{MP}$ = Market price of commodities – Net Income from abroad

(d) None of the above

**32.** 'Okun' rule is related to :

(a) Unemployment

(b) Growth in National Production

(c) (a) and (b) both

(d) None of the above

**33.** What is National Income in real term ?

(a) When the national income is expressed in terms of current price

(b) When the national income is expressed in terms of constant price

(c) The change in the production of goods and services

(d) The change in the price level

**34.** When proportionate change in demand of a commodity is greater than the proportionate change in price, such condition is called :

(a) Demand elasticity is zero

(b) Demand elasticity is unit

(c) Perfectly inelastic demand

(d) Highly elastic demand

**35.** An increase in the price of a complement good of product 'A' would

(a) Shift demand for product 'A' outwards

(b) Shift demand for product 'A' inwards

(c) Shift supply for product 'A' outwards

(d) Shift supply for product 'A' inwards

**36.** The difference between Gross National Product (GNP) and Net National Product (NNP) is :

(a) Consumers expenditure on durable goods

(b) Direct tax revenue

(c) Indirect tax revenue

(d) Capital depreciation

**37.** Which of the following is known as type of money ?

(a) Commodity money

(b) Legal tender money

(c) Paper money

(d) All of the above

**30.** साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद का आंकलन कैसे किया जाता है ?

(a) साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद = जी डी पी$_{MP}$ + अप्रत्यक्ष कर + अनुदान

(b) साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद = जी डी पी$_{MP}$ – अप्रत्यक्ष कर + अनुदान

(c) साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद = जी डी पी$_{MP}$ – अप्रत्यक्ष कर – अनुदान

(d) साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद = जी डी पी$_{MP}$ + अप्रत्यक्ष कर – अनुदान

**31.** बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद की गणना का सूत्र है

(a) जी डी पी$_{MP}$ = जी डी पी – घिसावट

(b) जी डी पी$_{MP}$ = वस्तुओं की बाजार कीमत + विदेशों से प्राप्त शुद्ध आय

(c) जी डी पी$_{MP}$ = वस्तुओं की बाजार कीमत – विदेशों से प्राप्त शुद्ध आय

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** 'ओकुन' नियम सम्बन्धित है

(a) बेरोजगारी
(b) राष्ट्रीय उत्पादन में वृद्धि
(c) (a) एवं (b) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33.** वास्तविक अर्थ में राष्ट्रीय आय क्या है ?

(a) जब राष्ट्रीय आय चालू कीमतों पर व्यक्त की जाती है ।

(b) जब राष्ट्रीय आय स्थिर कीमतों पर व्यक्त की जाती है ।

(c) वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन में परिवर्तन ।

(d) कीमत स्तर में परिवर्तन ।

**34.** जब एक वस्तु की मांग में आनुपातिक परिवर्तन, कीमत में आनुपातिक परिवर्तन से अधिक है, यह स्थिति कहलाती है

(a) माँग की लोच शून्य है
(b) माँग की लोच इकाई है
(c) पूर्णतया बेलोच माँग
(d) अत्यधिक लोचदार माँग

**35.** 'A' उत्पाद के पूरक वस्तु की कीमत में वृद्धि करेगी

(a) 'A' उत्पाद की माँग के बाहर की ओर खिसकाना

(b) 'A' उत्पाद की माँग को अन्दर की ओर खिसकाना

(c) 'A' उत्पाद की पूर्ति को बाहर की ओर खिसकाना

(d) 'A' उत्पाद की पूर्ति को अन्दर की ओर खिसकाना

**36.** जी.एन.पी. एवं एन.एन.पी. का अन्तर बराबर होता है

(a) उपभोक्ताओं का टिकाऊ वस्तुओं पर व्यय
(b) प्रत्यक्ष कर राजस्व
(c) अप्रत्यक्ष कर राजस्व
(d) पूँजी की घिसावट

**37.** निम्नलिखित में से किसे मुद्रा के प्रकार कहा जाता है ?

(a) वस्तु मुद्रा (b) विधिग्राह्य मुद्रा (c) पत्र मुद्रा (d) उपरोक्त सभी

38. Generally, how many measures are used to measure the supply of money in India ?
(a) Two (b) Three (c) Four (d) Five

39. Generally, meaning of money is :
(a) currency (b) currency and demand deposit
(c) currency and all deposits of the banks (d) all liquid assets

40. High powered money consists of :
(a) Money created by commercial banks
(b) Fixed deposits – demand deposits
(c) Currency in circulation and banker's deposits with central bank
(d) Currency with public and demand deposits with banks

41. Which of the following method is more flexible to control credit ?
(a) Bank rate policy (b) Open market operations
(c) Statutory liquidity ratio (d) Selective credit control

42. "Money is the Pivot, around which economic science cluster." Who said this ?.
(a) Adam Smith (b) Pigou (c) Marshall (d) J.M. Keynes

43. What is the distinction between money and currency ?
(a) All currency is not money.
(b) All money is not currency.
(c) All currency is money, but all money is not currency.
(d) None of the above

44. Which of the following is a 'Fiscal measure' to check the inflation ?
(a) Consumer credit control (b) Higher reserve requirement
(c) Higher margin requirement (d) Public borrowings

45. What are the benefits of overvaluation of domestic currency at the time of inflation ?
(a) Discourage exports
(b) Encourage imports
(c) Cheapening the price of foreign goods in domestic market
(d) All the above

46. Which one of the following function is not performed by the central bank of India ?
(a) The central bank enjoy monopoly of Note-issue.
(b) The central bank acts as the banker's bank.
(c) The central bank acts as the controller of the credit.
(d) The central bank accepts deposits from public.

38. भारत में 'मुद्रा पूर्ति' को मापने हेतु सामान्यतया मुद्रा पूर्ति की कितनी माप प्रचलित है ?
(a) दो (b) तीन (c) चार (d) पाँच

39. सामान्यत: मुद्रा का अर्थ है :
(a) चलन / चलमुद्रा
(b) चलन / चलमुद्रा एवं माँग जमाएँ
(c) चलन / चलमुद्रा एवं बैंकों की सभी जमाएँ
(d) समस्त चलनिधि

40. उच्च शक्ति मुद्रा में सम्मिलित है
(a) वाणिज्य बैंकों द्वारा सृजित की गई मुद्रा ।
(b) निश्चित जमाएँ – माँग जमाएँ
(c) चलन में प्रचलन मुद्रा एवं केन्द्रीय बैंकों के पास बैंकर्स की जमाएँ ।
(d) जनता के पास प्रचलन मुद्रा की मात्रा एवं बैंकों के पास माँग जमाएँ ।

41. निम्नलिखित में से कौन सी विधि साख नियन्त्रण के लिए अधिक लचीली है ?
(a) बैंक दर नीति
(b) खुले बाजार की क्रियाएँ
(c) सांविधिक तरल कोषानुपात
(d) चयनित साख नियन्त्रण

42. "मुद्रा वह धुरी है जिस पर अर्थ विज्ञान चक्कर लगाता है ।" यह किसने कहा ?
(a) एडम स्मिथ (b) पीगू (c) मार्शल (d) जे.एम. कीन्स

43. मुद्रा एवं प्रचलन मुद्रा में क्या अन्तर है ?
(a) सभी प्रचलन मुद्रा मुद्रा नहीं है ।
(b) सभी मुद्रा प्रचलन मुद्रा नहीं है ।
(c) सभी प्रचलन मुद्रा मुद्रा है किन्तु सभी मुद्रा प्रचलन मुद्रा नहीं है ।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

44. निम्नलिखित में मुद्रा–स्फीति रोकने के लिये कौन सा 'राजकोषीय उपाय' है ?
(a) उपभोक्ता साख–नियन्त्रण
(b) उच्च रिजर्व की माँग
(c) उच्च मार्जिन की माँग
(d) जनता से जमा–उधार

45. मुद्रा–स्फीति के समय घरेलू मुद्रा के अधिमूल्यन के क्या लाभ हैं ?
(a) निर्यातों को हतोत्साहित करना ।
(b) आयातों को प्रोत्साहित करना ।
(c) घरेलू बाजार में विदेशी वस्तुओं की कीमत कम करना ।
(d) उपरोक्त सभी ।

46. भारत में निम्नलिखित में से कौन सा एक कार्य केन्द्रीय बैंक नहीं करता है ?
(a) केन्द्रीय बैंक को नोट निर्गमन का एकाधिकार है ।
(b) केन्द्रीय बैंक बैंकों का बैंक के रूप में कार्य करता है ।
(c) केन्द्रीय बैंक साख नियन्त्रक के रूप में कार्य करता है ।
(d) केन्द्रीय बैंक जनता से जमाएँ स्वीकार करता है ।

47. Leaf – Caunan thesis is associated :
(a) The theory of money supply (b) The theory of credit creation
(c) The theory of trade cycle (d) The theory of employment

48. Which one of the following types of inflation is beneficial for backward and under developed countries ?
(a) Creeping (b) Walking (c) Running (d) Galloping

49. Under which of the following stages of business cycle, the full employment is achieved ?
(a) Recovery (b) Boom (c) Prosperity (d) Recession

50. Who said "Business cycle is a purely monetary phenomenon" ?
(a) Pigou (b) Nicholas Kaldor (c) J.R. Hicks (d) R.G. Hautrey

51. Nature of unemployment in India is :
(a) Structural unemployment (b) Disguised unemployment
(c) Frictional unemployment (d) All of the above

52. According to UNDP – HDR 2018 India stands in the world -
(a) 130 Rank (b) 131 Rank (c) 132 Rank (d) 133 Rank

53. Under the Mudra Yojana the limit of Kishore loan is :
(a) Upto 50 thousand (b) 50 thousand to 5 lakhs
(c) 5 lakhs to 10 lakhs (d) None of the above

54. Central Government has fixed investment limit for the medium industry under manufacturing sector :
(a) Upto 50 lakh rupees (b) 50 lakh to 10 crore rupees
(c) 10 crores to 30 crore rupees (d) None of the above

55. Which sector has largest share in export of India during 2017-18 ?
(a) Gems and Jewellery (b) Chemical products
(c) Petroleum products (d) Engineering goods

56. At present how many industries have been reserved for public sector ?
(a) 02 (b) 03 (c) 04 (d) 05

57. According to Census 2011 in which State of India has the literacy rate was lowest ?
(a) Andhra Pradesh (b) Rajasthan
(c) Uttar Pradesh (d) Bihar

58. The number of 'Maharatna Companies' as on April, 2018 in India were :
(a) 16 (Sixteen) (b) 11 (Eleven) (c) 9 (Nine) (d) 8 (Eight)

47. लीफ-कॉनन प्रक्रिया सम्बन्धित है

(a) मुद्रा का पूर्ति सिद्धान्त
(b) साख-सृजन का सिद्धान्त
(c) व्यापार चक्र का सिद्धान्त
(d) रोजगार का सिद्धान्त

48. निम्नलिखित में कौन से प्रकार की मुद्रा-स्फीति पिछड़े एवं अर्द्धविकसित देशों के लिये लाभदायक हैं ?

(a) रेंगती हुई (b) पैदल चलती हुई (c) दौड़ती हुई (d) सरपट दौड़ती हुई

49. निम्नलिखित में, व्यापार चक्र की किस अवस्था में पूर्ण-रोजगार प्राप्त किया जाता है ?

(a) पुनरोत्थान (b) तेजी (c) समृद्धि (d) मंदी

50. "व्यापार चक्र एक विशुद्ध मौद्रिक घटना है ।" किसने कहा था ?

(a) पीगू (b) निकोलस काल्डोर (c) जे.आर. हिक्स (d) आर.जी. हाट्रे

51. भारत में बेरोजगारी का स्वरूप है

(a) संरचनात्मक बेरोजगारी
(b) छिपी बेरोजगारी
(c) घर्षणात्मक बेरोजगारी
(d) उपरोक्त सभी

52. यू.एन.डी.पी. मानव विकास रिपोर्ट 2018 के अनुसार विश्व में भारत का स्थान है :

(a) 130वाँ स्थान (b) 131वाँ स्थान (c) 132वाँ स्थान (d) 133वाँ स्थान

53. मुद्रा (MUDRA) योजना के अन्तर्गत किशोर ऋण की सीमा है

(a) 50 हजार तक
(b) 50 हजार से 5 लाख तक
(c) 5 लाख से 10 लाख तक
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

54. भारत सरकार ने विनिर्माण उद्योग के अन्तर्गत मध्यम उद्योग में निवेश सीमा निर्धारित की है

(a) 50 लाख रु. तक
(b) 50 लाख से 10 करोड़ रुपये
(c) 10 करोड़ से 30 करोड़ रुपये
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

55. वर्ष 2017-18 में भारत के निर्यातों में सबसे अधिक अंश किस क्षेत्र का है ?

(a) रत्न एवं आभूषण (b) रासायनिक उत्पाद (c) पेट्रोलियम पदार्थ (d) इन्जीनियरिंग वस्तुएँ

56. वर्तमान में कितने उद्योगों को सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित रखा गया है ?

(a) 02 (b) 03 (c) 04 (d) 05

57. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य में साक्षरता दर सबसे कम थी ?

(a) आन्ध्र प्रदेश (b) राजस्थान (c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

58. अप्रैल 2018 तक भारत में महारत्न कम्पनियों की संख्या कितनी थी ?

(a) 16 (सोलह) (b) 11 (ग्यारह) (c) 9 (नौ) (d) 8 (आठ)

59. What was the MSP (Minimum Support Price) for wheat fixed by Central Government for the year 2017-18 ?
(a) ₹ 1730 = 00 per quintal
(b) ₹ 1735 = 00 per quintal
(c) ₹ 1740 = 00 per quintal
(d) ₹ 1745 = 00 per quintal

60. From which country India gets maximum FDI in 2016-17 ?
(a) Mauritius (b) Singapore (c) Japan (d) Netherlands

61. Where the marginal productivity of a labour becomes zero, is called :
(a) Cyclical unemployment
(b) Disguised unemployment
(c) Seasonal unemployment
(d) None of the above

62. National Bank for Agriculture and Rural Development was established in :
(a) 1952 (b) 1962 (c) 1982 (d) 1991

63. Which of the following is not a source of institutional credit for Indian Agriculture ?
(a) NBFC (Non-Banking Finance Co.)
(b) Regional Grameen Bank
(c) Co-operative Bank
(d) Commercial Bank

64. Which one of the following scheme provide upto 2 lakh accidental death insurance to the people for the age group of 18 – 70 years ?
(a) Atal Pension Yojana
(b) Pradhanmantri Jeevan Jyoti Bima Yojana
(c) Pradhanamantri Suraksha Beema Yojana
(d) Atal Beema Yojna

65. Imperfect competition obtains when the seller is confronted with a falling demand curve for his product. Who said ?
(a) Ferguson & Krips
(b) Chamberlin
(c) Marshall
(d) A.P. Lerner

66. The Standard Deviation of a set of 50 item is 6.5. If every item is increased by 5 then the standard deviation will be :
(a) 1.5 (b) 6.5 (c) 8.5 (d) 11.5

67. Co-efficient of variation is calculated by :
(a) $\frac{\sigma}{X} \times 1000$ (b) $\frac{\sigma \times \bar{X}}{100}$ (c) $\frac{\bar{X}}{\sigma} \times 100$ (d) $\frac{\sigma}{\bar{X}} \times 100$

68. Values which divide the data into four, equal parts is known as :
(a) Percentile (b) Deciles (c) Quartiles (d) None of the above

69. Co-efficient of correlation is equal to :
(a) bxy / byx (b) bxy + byx (c) bxy – byx (d) $\sqrt{bxy \cdot byx}$

59. वर्ष 2017–18 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया था

(a) ₹ 1730 = 00 प्रति कुन्तल (b) ₹ 1735 = 00 प्रति कुन्तल

(c) ₹ 1740 = 00 प्रति कुन्तल (d) ₹ 1745 = 00 प्रति कुन्तल

60. वर्ष 2016–17 में भारत को सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किस देश से प्राप्त हुआ ?

(a) मॉरीशस (b) सिंगापुर (c) जापान (d) नीदरलैण्ड

61. जहाँ पर किसी श्रमिक की सीमान्त उत्पादकता शून्य हो जाती है, कहते हैं

(a) चक्रीय बेरोजगारी (b) प्रछन्न बेरोजगारी

(c) मौसमी बेरोजगारी (d) उपरोक्त में कोई नहीं

62. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की स्थापना हुई

(a) 1952 (b) 1962 (c) 1982 (d) 1991

63. भारतीय कृषि के लिये निम्नलिखित में से कौन संस्थागत साख का स्रोत नहीं है ?

(a) गैर–बैंकिंग वित्तीय कम्पनी (एन.बी.एफ.सी.) (b) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

(c) सहकारी बैंक (d) व्यापारिक बैंक

64. निम्नलिखित में से किस योजना के अन्तर्गत 18–70 वर्ष के आयु समूह के लोगों का 2 लाख रुपये का दुर्घटना (मृत्यु) बीमा दिया जाता है ?

(a) अटल पेंशन योजना (b) प्रधानमन्त्री जीवन ज्योति बीमा योजना

(c) प्रधानमन्त्री सुरक्षा बीमा योजना (d) अटल बीमा योजना

65. अपूर्ण प्रतियोगिता तब होती है जब विक्रेता की वस्तु का माँग वक्र गिरती हुई दशा में होता है । किसने कहा ?

(a) फर्गुसन एवं क्रिप्स (b) चैम्बरलिन

(c) मार्शल (d) ए.पी. लर्नर

66. 50 पद मूल्यों का प्रमाप विचलन 6.5 है, यदि प्रत्येक पद मूल्य को 5 से बढ़ा दिया जाय तब प्रमाप विचलन होगा

(a) 1.5 (b) 6.5 (c) 8.5 (d) 11.5

67. विचरण गुणांक परिकलित किया जाता है

(a) $\frac{\sigma}{\bar{X}} \times 1000$ (b) $\frac{\sigma \times \bar{X}}{100}$ (c) $\frac{\bar{X}}{\sigma} \times 100$ (d) $\frac{\sigma}{\bar{X}} \times 100$

68. वे मूल्य, जो समकों को चार बराबर भागों में बाँटते हैं, को कहते हैं

(a) शतमक (b) दशमक (c) चतुर्थक (d) उपरोक्त कोई भी नहीं

69. सह–संबन्ध गुणांक समान होता है

(a) $bxy / byx$ (b) $bxy + byx$ (c) $bxy - byx$ (d) $\sqrt{bxy \cdot byx}$

**70.** $1-\frac{6\Sigma d^2}{N^3-N}$ is the method of calculating co-efficient of correlation is given by :

(a) Karl Pearson (b) Charles Spearman
(c) Irving Fisher (d) Lorenz

**71.** $R=\frac{1-r^2}{\sqrt{N}}$ where R is

(a) Standard error (b) Probable error
(c) Correlation error (d) None of the above

**72.** What will be the probable error, if number of items is 100 and r = + 0.802 ?

(a) 0.0141 (b) 0.0241 (c) 0.0341 (d) 0.0441

**73.** The farther the two regression lines from each other, the degree of correlation will be :

(a) Zero (b) Lesser (c) Greater (d) Does not matter

**74.** There will be only one regression line in case of two variables, if correlation is :

(a) High (b) Zero (c) Perfect (d) None of the above

**75.** An index number is ideal if it satisfies :

(a) Time reversal test only (b) Factor reversal test only
(c) Both (a) and (b) (d) None of the above

**76.** The change in a variable over the period of time is measured by :

(a) mean (b) correlation (c) index number (d) dispersion

**77.** $P_{01}=\frac{1}{2}\left[\frac{\Sigma p_1 q_0}{\Sigma p_0 q_0}+\frac{\Sigma p_1 q_1}{\Sigma p_0 q_1}\right]\times 100$ is the formula of :

(a) Dorbish and Bowley method (b) Marshall method
(c) Fisher method (d) None of the above

**78.** If the rate of inflation is greater than the rate of interest, then the real rate of interest will be :

(a) Negative (b) Positive (c) Zero (d) None of the above

**79.** 'Ogive Curve' is drawn with the help of :

(a) Median (b) Cumulative Frequency Distribution
(c) Mode (d) None of the above

**80.** In a chronological classification data are classified on the basis of following :

(a) Location (b) Time (c) Class-Interval (d) Attributes

70. सह-संबन्ध गुणांक की गणना की विधि $1 - \frac{6\Sigma d^2}{N^3 - N}$ किसके द्वारा दी गई ?

(a) कार्ल पियर्सन (b) चार्ल्स स्पियरमेन (c) इर्विंग फिशर (d) लॉरैन्ज

71. $R = \frac{1 - r^2}{\sqrt{N}}$ जहाँ पर R है

(a) प्रमाप विभ्रम (b) सम्भाव्य विभ्रम (c) सह-सम्बन्ध विभ्रम (d) उपरोक्त में कोई नहीं

72. सम्भाव्य विभ्रम क्या होगा यदि पदों की संख्या 100 तथा $r = + 0.802$ है ?

(a) 0.0141 (b) 0.0241 (c) 0.0341 (d) 0.0441

73. दो प्रतीपगमन रेखाएँ एक दूसरे से जितनी दूर होती जायेगी, सह-सम्बन्ध की मात्रा होगी

(a) शून्य (b) कम (c) अधिक (d) कोई फर्क नहीं

74. दो-चरों की स्थिति में केवल एक ही प्रतीपगमन रेखा होगी, यह सह-सम्बन्ध है

(a) अत्यधिक (b) शून्य (c) पूर्ण (d) इनमें से कोई नहीं

75. एक निर्देशांक आदर्श होता है यदि वह सन्तुष्ट करता है

(a) केवल समय उत्क्रमणता परीक्षण (b) केवल तत्त्व-उत्क्रमणता परीक्षण

(c) (a) और (b) दोनों (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

76. किसी समयावधि में चरों में होने वाले परिवर्तन को मापा जाता है

(a) माध्य (b) सह-सम्बन्ध (c) सूचकांक (d) अपकिरण

77. यह सूत्र

$P_{01} = \frac{1}{2}\left[\frac{\Sigma p_1 q_0}{\Sigma p_0 q_0} + \frac{\Sigma p_1 q_1}{\Sigma p_0 q_1}\right] \times 100$ है :

(a) ड्रोर्विश तथा बाउले विधि का (b) मार्शल की विधि का

(c) फिशर की विधि का (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

78. यदि ब्याज दर से मुद्रा-स्फीति दर अधिक है तो वास्तविक ब्याज दर होगी

(a) ऋणात्मक (b) धनात्मक (c) शून्य (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

79. 'तोरण वक्र' (ओजाइव वक्र) खींचा जाता है, की सहायता से

(a) माध्यिका (b) संचयी आवृति वितरण

(c) बहुलक (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

80. कालानुक्रमिक वर्गीकरण में समंक निम्न के आधार पर वर्गीकृत होते हैं :

(a) स्थिति (b) समय (c) वर्गान्तरों (d) गुण-समंकों

81. Production function is directly related to :
(a) Transport (b) Banking
(c) Prices (d) Factors of production

82. When average product is maximum then,
(a) marginal product increases
(b) total product decreases
(c) average product is equal to marginal product
(d) marginal product is negative

83. Law of variable proportions shows :
(a) constant returns (b) decreasing returns
(c) increasing returns (d) All above

84. Among the following which one is not a method of measuring elasticity of supply ?
(a) Percentage method (b) Total expenditure method
(c) Point method (d) None of the above

85. Kinked demand curve is related to :
(a) Monopoly (b) Collusive oligopoly
(c) Non-collusive oligopoly (d) None of the above

86. Among the following which one is not a condition of perfect competition ?
(a) Large number of firms (b) Control of the firm on price
(c) Homogeneous product (d) Perfectly elastic demand

87. In long term perfect competition will be :
(a) MR = MC (b) AR = MR (c) LAC = Price (d) All above

88. Cross elasticity of demand in monopoly is :
(a) greater than one (b) less than one
(c) zero (d) infinity

89. Which statement is true in case of monopoly ?
(a) AR > MR (b) AR = MR (c) AR < MR (d) AR = MR = 01

90. A firm reports that marginal product of labour is 5 and marginal rate of technical substitution of labour for capital is 2. The marginal product of capital will be :
(a) 0.4 (b) 1.0 (c) 2.5 (d) 3.0

91. Why Average Fixed Cost (AFC) curve does not touch the output axis ?
(a) Because AFC cannot be negative. (b) Because AFC cannot be zero.
(c) Because AFC cannot be less than one. (d) None of above

81. उत्पादन फलन का सीधा सम्बन्ध है

(a) यातायात (b) बैंकिंग (c) कीमतें (d) उत्पादन के साधन

82. जब औसत उत्पादन अधिकतम होता है तब

(a) सीमान्त उत्पाद बढ़ता है ।

(b) कुल उत्पाद गिरता है ।

(c) औसत उत्पाद सीमान्त उत्पाद के बराबर होता है ।

(d) सीमान्त उत्पाद ऋणात्मक होता है ।

83. परिवर्तनशील अनुपातों का नियम दर्शाता है :

(a) स्थिर प्रतिफल (b) घटता प्रतिफल (c) बढ़ता प्रतिफल (d) उपर्युक्त सभी

84. निम्नलिखित में कौन सी पूर्ति की लोच को मापने की विधि नहीं है ?

(a) प्रतिशत विधि (b) कुल व्यय विधि (c) बिन्दु विधि (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

85. विकुचिंत मांग वक्र का सम्बन्ध है

(a) एकाधिकार (b) समझौता अल्पाधिकार

(c) गैर-समझौता अल्पाधिकार (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

86. निम्नलिखित में से कौन सी शर्त पूर्ण-प्रतियोगिता से सम्बन्धित नहीं है ?

(a) फर्मों की अधिक संख्या (b) कीमत पर फर्म का नियन्त्रण

(c) समरूप-वस्तु (d) पूर्णतया लोचदार माँग

87. दीर्घकाल में पूर्ण-प्रतियोगिता होगी

(a) MR = MC (b) AR = MR (c) LAC = कीमत (d) उपरोक्त सभी

88. एकाधिकार में माँग की आड़ी लोच

(a) इकाई से अधिक होती है । (b) इकाई से कम होती है ।

(c) शून्य होती है । (d) अनन्त होती है ।

89. एकाधिकार के अन्तर्गत कौन सा कथन सत्य है ?

(a) AR > MR (b) AR = MR (c) AR < MR (d) AR = MR = 01

90. एक फर्म सूचित करती है कि श्रम का सीमान्त उत्पाद 5 है तथा श्रम की पूँजी के लिये सीमान्त प्रतिस्थापन की तकनीकी दर 2 है । पूँजी का सीमान्त उत्पाद होगा

(a) 0.4 (b) 1.0 (c) 2.5 (d) 3.0

91. औसत स्थिर लागत वक्र (AFC) उत्पादन अक्ष को क्यों नही स्पर्श करता है ?

(a) क्योंकि AFC ऋणात्मक नहीं हो सकता । (b) क्योंकि AFC शून्य नहीं हो सकता ।

(c) क्योंकि AFC एक से कम नहीं हो सकता । (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**92.** Under perfect competition if elasticity of demand is greater than one, then Marginal Revenue (MR) will be :

(a) positive
(b) negative
(c) zero
(d) cannot be calculated

**93.** The pure monopolist obtains equilibrium level of output when :

(a) Price = Marginal cost
(b) Marginal revenue = Marginal cost
(c) Price is lowest
(d) Price is highest

**94.** What are the conditions of price discrimination ?

(i) Control of supply
(ii) Separation of market
(iii) Peculiar behaviour of consumers
(iv) Legal recognition

(a) (i), (ii) and (iv)
(b) (i), (iii) and (iv)
(c) (ii), (iii) and (iv)
(d) (i), (ii), (iii) and (iv)

**95.** Monetary cost includes :

(a) Normal profit (b) Implicit cost (c) Explicit cost (d) All above

**96.** Under 'Cournot Model of Duopoly' each duopolist under equilibrium will produce :

(a) half of the total output
(b) one-fourth of the total output
(c) one-sixth of the total output
(d) one-third of the total output

**97.** The opportunity cost curve assumes that :

(a) labour is the only factor of production
(b) the price or cost of a commodity can be inferred from its labour content
(c) labour is homogeneous
(d) None of the above

**98.** The second order condition for consumer equilibrium is :

(a) the consumer has given indifference map
(b) the consumer has a fixed amount of money
(c) a given budget-line must be tangent to an indifference curve
(d) indifferent curve must because to the origin at the point of tangency

**99.** Which of the following is not required for a country to be producing at a point on its production possibility curve ?

(a) Full employment of labour
(b) All producers using the latest technology
(c) Stable prices
(d) All producers having production efficiency

**100.** In the simple circular flow model :

(a) households are suppliers of resources
(b) businesses are suppliers of final products
(c) households are demanders of final products
(d) All of the above true

92. पूर्ण–प्रतियोगिता के अन्तर्गत यदि माँग की लोच इकाई से अधिक है तो सीमान्त आगम (MR) होगा
(a) धनात्मक
(b) ऋणात्मक
(c) शून्य
(d) गणना नहीं की जा सकती ।

93. एक विशद्ध एकाधिकारी उत्पाद की साम्य अवस्था को प्राप्त करता है जबकि
(a) कीमत = सीमान्त लागत
(b) सीमान्त आगम = सीमान्त लागत
(c) कीमत न्यूनतम होती है ।
(d) कीमत उच्चतम होती है ।

94. कीमत विभेदीकरण की शर्तें क्या हैं ?
(i) पूर्ति पर नियन्त्रण
(ii) बाजारों का पृथक्कीकरण
(iii) उपभोक्ताओं का विशेष व्यवहार
(iv) कानूनी स्वीकृति
(a) (i), (ii) एवं (iv)
(b) (i), (iii) एवं (iv)
(c) (ii), (iii) एवं (iv)
(d) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

95. मौद्रिक लागत में सम्मिलित होता है
(a) सामान्य लाभ (b) अव्यक्त लागतें (c) व्यक्त लागतें (d) उपरोक्त सभी

96. 'द्वयाधिकार के कूर्नो मॉडल' के अन्तर्गत प्रत्येक द्वयाधिकारी द्वारा सन्तुलन की स्थिति में उत्पादन किया जायेगा
(a) कुल उत्पादन का आधा भाग
(b) कुल उत्पादन का एक–चौथाई भाग
(c) कुल उत्पादन का एक छठा भाग
(d) कुल उत्पादन का एक–तिहाई भाग

97. अवसर लागत वक्र यह मान कर चलता है कि
(a) श्रम ही केवल उत्पादन का साधन है ।
(b) श्रम की प्रयुक्त मात्रा से ही किसी वस्तु की कीमत अथवा लागत मालूम की जाती है ।
(c) श्रम समरूप है ।
(d) उपरोक्त कोई नहीं ।

98. उपभोक्ता सन्तुलन के लिए द्वितीय क्रम (second order) की शर्त है
(a) उपभोक्ता का एक दिया हुआ उदासीनता वक्र मानचित्र है ।
(b) उपभोक्ता के पास एक निश्चित धनराशि है ।
(c) एक दी हुई बजट रेखा एक उदासीनता वक्र को स्पर्श करनी चाहिये ।
(d) स्पर्शिता के बिन्दु पर उदासीनता वक्र मूल बिन्दु के प्रति उन्नोत्तदर होना चाहिये ।

99. निम्नलिखित में से कौन सा एक देश के अपने उत्पादन सम्भवना वक्र पर उत्पादन हेतु आवश्यक नहीं है ?
(a) श्रम का पूर्ण रोजगार
(b) सभी उत्पादकों द्वारा अद्यतन तकनीकी का प्रयोग
(c) स्थिर कीमतें
(d) सभी उत्पादक, उत्पादन कुशलता रखते हैं

100. साधारण चक्रीय प्रवाह मॉडल में
(a) घरेलू संसाधनों के आपूर्तिकर्ता हैं ।
(b) व्यवसाय अन्तिम वस्तुओं के आपूर्तिकर्ता हैं ।
(c) घरेलू अन्तिम वस्तुओं के माँगकर्ता हैं ।
(d) उपर्युक्त सभी सत्य हैं

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह